**फा. सं. ई-11017/5/2020 रा.भा. (35168)**
**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**राजभाषा अनुभाग**

******

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 30 जून, 2025

**विषय: पशुपालन और डेयरी विभाग में सरकारी कामकाज में टिप्पण आलेखन हिंदी में करने के लिए नकद पुरस्कार योजना लागू करने के संबंध में।**

उपरोक्त विषय पर राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के दिनांक 14 सितंबर, 2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 12013/01/2011- रा.भा. (नीति) के अनुसरण में पशुपालन और डेयरी विभाग में वर्ष 2025-26 के दौरान सरकारी कामकाज मूलरूप से हिंदी में करने के लिए नकद पुरस्कार योजना लागू की जा रही है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के दौरान कम से कम 20,000 शब्द हिंदी में लिखे जाने अपेक्षित हैं। प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में कुल 10 पुरस्कार प्रदान किए जाने हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (2 पुरस्कार) | : | प्रत्येक रु. 5,000 |
| द्वितीय पुरस्कार (3 पुरस्कार) | : | प्रत्येक रु. 3,000 |
| तृतीय पुरस्कार (5 पुरस्कार) | : | प्रत्येक रु. 2,000 |

2. अत: अनुरोध है कि पशुपालन और डेयरी विभाग में कार्यरत वे अधिकारी/कर्मचारी जो अपना सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करते हैं, पुरस्कार हेतु उनके द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए कार्य का ब्यौरा निर्धारित संलग्न प्रपत्र में, प्रमाणित दस्तावेज सहित अपने नियंत्राणाधीन अधिकारी से अग्रेषित कराकर अधोहस्ताक्षरी को भिजवाने का कष्ट करें। चयन समिति द्वारा पुरस्कारों का निर्णय प्रदान की गई जानकारी तथा दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

संलग्नक: प्रपत्र।

30/6/25.

(स्वाति मेल्टी)
उप-निदेशक (रा.भा.)

**नोट: इस योजना का उद्देश्य प्रोत्साहन के माध्यम से राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करना है। अत: सभी अनुभागाध्यक्ष इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।**

प्रतिलिपि:

1. मुख्यालय के सभी अधिकारी अनुभाग
2. अनुभाग अधिकारी (आई-टी) को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
4. अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी

जारी/......

## पशुपालन और डेयरी विभाग

## हिंदी में किए गए कार्यों का ब्यौरा रखने हेतु प्रपत्र (वर्ष 2025-26) (मास के अनुसार विवरण भरें)

| नाम | मातृभाषा | ग्रेड पे: |
|---|---|---|
| पदनाम: | अनुभाग: | जिस अवधि के लिए कार्य का ब्यौरा दिया जा रहा है: 2025-26 |

| क्र.सं. | मास | कुल फाइलों, रजिस्टरों आदि की संख्या जिसमें हिंदी में काम किया गया | हिंदी में लिखे गए टिप्पणी व आलेखन के शब्दों की संख्या | अन्य हिंदी काम का संक्षिप्त ब्यौरा | शब्दों की संख्या | स्वयं सत्यापित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अप्रैल 25 | | | | | |
| 2. | मई 25 | | | | | |
| 3. | जून 25 | | | | | |
| 4. | जुलाई 25 | | | | | |
| 5. | अगस्त 25 | | | | | |
| 6. | सितंबर 25 | | | | | |
| 7. | अक्टूबर 25 | | | | | |
| 8. | नवंबर 25 | | | | | |
| 9. | दिसंबर 25 | | | | | |
| 10. | जनवरी 26 | | | | | |
| 11. | फरवरी 26 | | | | | |
| 12. | मार्च 26 | | | | | |